JALAUN POLICE

दिनांक – 24.09.2026

**कोतवाली कोंच पुलिस टीम द्वारा 24 घण्टे के अन्दर मोबाइल चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 03 शातिर अभियुक्तों को चोरी के मोबाइल, 250/- नगद रूपये व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।**

अवगत कराना है कि श्रीमती रेनू वर्मा द्वारा कोतवाली कोंच पर तहरीरी सूचना दी गयी कि दिनांक 23.09.26 को शाम 07:30 बजे खाना बनाकर स्कूल के गेट से बाहर निकली तो उसके पैर मे पहनी चप्पल में काँटा घुस गया जिसे निकालने के लिये वह गेट के बाहर बनी पुलिया कि दीवार पर अपना मोबाइल व एक छोटा पर्स जिसमें करीब 250 रुपये नगद थे को पुलिया की दीवार पर रख दिया तभी एक मोटरसाइकिल से 03 लडके आये और मोबाइल, पर्स दीवार से उठाकर भाग गये। जिसके संबन्ध में कोतवाली कोंच में मु0अ0सं0 202/2026 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत किया गया था।

अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के पर्यवेक्षण तथा अपर पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 24.09.2026 को कोतवाली कोंच पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना कारित करने वाले अभियुक्तगण 1.अभि0 सचिन तिवारी उम्र करीब 21 वर्ष पुत्र भूरे तिवारी उर्फ दिनेश तिवारी नि0मु0 गोखले नगर थाना कोंच जनपद जालौन 2.अभि0 सोनू तिवारी उम्र करीब 29 वर्ष पुत्र उत्तम तिवारी उर्फ बब्लू नि0मु0 गोखले नगर थाना कोंच जनपद जालौन 3.अभि0 हर्ष वर्मा उर्फ बेटू उम्र करीब 19 वर्ष पुत्र श्यामबाबू वर्मा निवासी मु0 गोखले नगर थाना कोंच जनपद जालौन को चोरी का मोबाइल फोन, 250 रुपये व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है।

बरामदगी के संबन्ध में उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्तगण को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

**अभियुक्तगण का विवरण-**

1. अभि0 सचिन तिवारी उम्र करीब 21 वर्ष पुत्र भूरे तिवारी उर्फ दिनेश तिवारी नि0मु0 गोखले नगर थाना कोंच जनपद जालौन
2. अभि0 सोनू तिवारी उम्र करीब 29 वर्ष पुत्र उत्तम तिवारी उर्फ बब्लू नि0मु0 गोखले नगर थाना कोंच जनपद जालौन
3. अभि0 हर्षित उर्फ हर्ष वर्मा उर्फ बेटू उम्र करीब 19 वर्ष पुत्र श्यामबाबू वर्मा निवासी मु0 गोखले नगर थाना कोंच जनपद जालौन

**बरामदगी का विवरण-**

1. 01 अदद मोबाईल फोन सैमसंग F17 चोरी का
2. घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल UP92AV1406
3. 250/- रूपये नगद चोरी के

**पुलिस टीम का विवरण-**

1. थाना प्रभारी कोंच पुलिस टीम